हरिभूमि
रायपुर मुख्य संस्करण - Page 2
22 July 2025

# 60 उद्योगों का निरीक्षण करने का दिया आदेश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते प्रदूषण को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई जारी है। हाईकोर्ट ने राज्य शासन के जवाब को असंतोषजनक मानते हुए सभी 60 उद्योगों का दोबारा निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि प्रदेश में संचालित उद्योगों और कारखानों में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय किए जा रहे हैं और 36 कंपनियों को नोटिस जारी किया गया है। हालांकि हाईकोर्ट ने इस जवाब को अपर्याप्त मानते हुए कोर्ट कमिश्नरों, अतिरिक्त महाधिवक्ता और शासन के अधिकारियों को फिर से निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।